# उत्तराखंड में छात्रों के लिये द्विभाषीय पुस्तकें

## चर्चा में क्यों?

देश में अपनी तरह की पहली पहल के तहत **उत्तराखंड सरकार वर्तमान शैक्षणिक सत्र से विद्यार्थियों को द्वि-भाषा विज्ञान पुस्तकें** उपलब्ध कराएगी।

## प्रमुख बिंदु:

- छठी से आठवीं कक्षा के लिये विज्ञान की, जबकि उच्च माध्यमिक कक्षाओं के लिये भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान की तीन अलग-अलग द्विभाषीय पुस्तकें होंगी।
- राज्य शिक्षा विभाग के अनुसार, **दोहरी भाषाओं में तैयार और मुद्रित पुस्तकें शैक्षणिक वर्ष** की शुरुआत से पहले सभी राज्य संचालित स्कूलों में पहुँचा दी गई हैं। ये पुस्तकें हिंदी या अंग्रेज़ी भाषा में अलग-अलग प्रकाशित नहीं की गई हैं बल्कि प्रत्येक भाग एक ही पाठ्यक्रम का पालन करता है और दोनों भाषाओं में आसन्न पृष्ठों पर दिये गए हैं।
- **उत्तराखंड के चुनिंदा 800 सरकारी स्कूलों में जल्द ही दो-दो स्मार्ट क्लास होंगी। सभी 1,600 स्मार्ट क्लास को तारों के ज़रिए आपस में जोड़ा जाएगा।**
- स्कूलों को उच्च तकनीक वाले डिजिटिल उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा, जिनमें बड़ी स्क्रीन, ऑनलाइन 3D शिक्षा मॉड्यूल, इंटरनेट सेवाएँ और अन्य तकनीकें एवं राजपत्र शामिल होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dual-language-books-to-students-in-uttarakhand